प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी को दिया सरकार बनाने का निमंत्रण : रविवार को तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ।
2. प्रधानमंत्री ने एनडीए गठबंधन को बताया भारत के इतिहास का सबसे सफल गठबंधन : कहा– एनडीए राष्ट्र प्रथम की मूल भावना के लिए प्रतिबद्ध।
3. नीट परिणामों को लेकर विवादों के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने जारी किया स्पष्टीकरण : कहा– उच्च प्रदर्शन मानकों के कारण स्कोर में वृद्धि।

और

4. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश में लू को लेकर जारी किया ओरेंज अलर्ट, तीन से छह डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है अधिकतम तापमान

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया। नरेन्द्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। आज एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने यह

जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, श्री नरेन्द्र मोदी और नये मंत्रिमण्डल को शपथ दिलायेंगी। एनडीए नेताओं ने आज राष्ट्रपति से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा किया। इससे पहले आज एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से श्री नरेन्द्र मोदी को पार्टी का नेता चुना। नई दिल्ली में बैठक के दौरान भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने श्री मोदी के नाम का प्रस्ताव दिया जिसका गठबंधन के सभी नेताओं ने समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने श्री मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। बाइट........

*जहां तक मेरी जानकारी है लोकतांत्रिक देशों में पूरे विश्व में तीसरी बार यह अवसर किसी को प्राप्त हो रहा है तो हमारी एनडीए को यह अवसर प्राप्त हो रहा है और साथियों हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि मोदी जी जैसा एक जन कल्याणकारी और संवेदनशील प्रधानमंत्री हम लोगों को मिलने जा रहा है।*

———————

प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के 140 करोड़ लोगों की इच्छा है। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है।

बिहार क मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे। बाइट........

*मैं आपका अभिनन्दन करता हूं और आपके नेतृत्व में सब लोग काम करेंगे। सब लोग चलेंगे सब पार्टी के लोग मैं उनका भी अभिनन्दन करता हूं और यहीं कहूंगा कि हम सब लोग इनके साथ रहेंगे और एक साथ होकर के जो कुछ भी करेंगे इनकी बात को मानते हुए हम लोग आगे चलेंगे।*

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है, जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा।

श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को 22 राज्यों में सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है। बाइट........

*विविधता से भरे हुए अपने लोकतांत्रिक और सामाजिक रचना के बीच में यह तीन दशक की यात्रा एक बहुत बडी मजबूती का संदेश और मैं आज बडे गर्व के साथ कहता हूं एक समय वह था कि संगठन के कार्यकर्ता के रूप में इस एलायंस का हिस्सा था और आज सदन में बैठ करके आपके साथ काम करते–करते यह सबसे सफल एलायंस है।*

श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास, आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान

केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है। एनडीए के सभी नेतृत्व स्तंभों के बीच एक सामान्य बात है, वह है सुशासन। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एनडीए को लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में बहुमत मिला। बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अनुराग सिंह ठाकुर, एलजेपी–आर प्रमुख चिराग पासवान, एनसीपी नेता अजीत पवार, आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रह।

————————

लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिली जीत को लेकर आज प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हापुड में ढोल नगाड़े बजाकर जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया हैं, उस पर पार्टी फिर से खरी उतरेगी। वहीं मेरठ में भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में जश्न मनाया गया। कुशीनगर में भी आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लखनऊ पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में शानदार जीत से कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कांग्रेस पार्टी चुनाव में मजबूत हुई है। वहीं कांग्रेस के राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा ने राम नाम का राजनीतिकरण किया, अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई जिससे लोग दुखी थे और अयोध्या में भाजपा को जीत नहीं मिली।

————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजो की कटऑफ में वृद्धि परीक्षा की प्रतिस्पर्धा और उम्मीदवारों के उच्च प्रदर्शन मानकों को दर्शाती है। एजेंसी ने नीट यूजी परिणामों के संबंध में हाल के विवाद के संदर्भ में यह स्पष्टीकरण जारी किया। एजेंसी ने आगे कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक

के पुराने और नए संस्करणों में अंतर के कारण, विषय विशेषज्ञों ने कहा कि एक विकल्प के स्थान पर दो विकल्पों को सही माना जाना चाहिए। छात्र–छात्राओं की चिंताओं की जांच के लिए गठित शिकायत निवारण समिति ने कहा कि परीक्षा के समय के नुकसान का पता लगाया गया था और ऐसे उम्मीदवारां को उत्तर देने की दक्षता और बर्बाद हुए समय के आधार पर अंकों के साथ मुआवजा दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से समिति ने सुनिश्चित किया कि इन केंद्रों पर परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया गया।

————————

तेजस एक्सप्रेस के दो डिब्बे आज गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतर गए। ट्रेन को आनन–फानन में रोका गया और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म–4 पर मरम्मत के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

————————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में पीड़ितों के अधिकारों को कई तरीकों से परिभाषित और संरक्षित किया गया है। इसी कम में देशद्रोह कानूनों में एक संतुलित दृष्टिकोण बनाने का प्रयास किया गया है। राजद्रोह कानूना में एक आदर्श बदलाव के तहत भारतीय

न्याय संहिता 2023, धारा 152 के साथ देशद्रोह कानूनों के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करती है, जो भारत की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता को खतरे में डालने वाले कार्यो पर केन्द्रित है।

नया कानून बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का कवच देता है। नये कानून के तहत सरकारी नीतियों और कायो की आलोचना पर दण्ड का प्रावधान नहीं है। कानून में इरादे की आवश्यकता को जोड़ा गया है, जिससे प्रावधान की सीमा और विस्तृत हो गई है।

बीएनएस–2023 में सजा के भय के बगैर विचारों को व्यक्त करने के अधिकार को सुरक्षित रखते हुए उन गतिविधियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही को सुनिश्चित किया गया है, जो राष्ट्र के लिए खतरा उत्पन्न करते ह।

———————

प्रदेश मे भीषण गर्मी और लू का सिलसिला अभी जारी रहेगा। बीते चौबीस घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान पैंतालिस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस उरई में रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग की ओर से अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर लू के असर को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लू का असर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद, जालौन और झांसी समेत आसपास के इलाकों में सबसे ज्यादा महसूस किया जायेगा।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है, वहीं न्यूनतम तापमान में अगले चौबीस घंटे में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़त संभव है।

———————

मेरठ में रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए मेरठ विकास प्राधिकरण ने आयुक्त कार्यालय में स्ट्रीट लाइब्रेरी शुरू की है। इस लाइब्रेरी का शुभारंभ आज कमिश्नर सेल्वा कुमारी ज, जिलाधिकारी दीपक मीणा और सीडीओ नूपुर गोयल ने किया। इस मौके पर जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। मंडल आयुक्त ने बताया कि जिले में इस तरह की 200 से अधिक स्ट्रीट लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। साथ ही बुक बैंक के माध्यम से नई ,पुरानी पुस्तकें जरूरतमंद छात्र–छात्राओं को वितरित की जाएंगी।

(समाप्त)